उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग

हरिद्वार–249404

UTTARAKHAND PUBLIC SERVICE COMMISSION

संख्या :: 80 /04/E-3/DR(A.R.)/2022 दिनाँक : 30 जून, 2023

सहायक कुलसचिव परीक्षा–2022
(Assistant Registrar exam-2022)

विस्तृत विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्याः **A-4/E-3/A.R./2022**, दिनाँक **08 जुलाई, 2022 सहायक कुलसचिव परीक्षा–2022** के क्रम में सहायक कुलसचिव के 15 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती द्वारा चयन हेतु मुख्य परीक्षा / लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों का परीक्षा परिणाम विज्ञप्ति संख्या–. **संख्या : – 55 / 06 / सहा0 कुल0 / गोपन–1 / 2023–24 दिनांक : 30 जून, 2023** द्वारा जारी कर दिया गया है।

2. प्रश्नगत परीक्षा में सफल अभ्यर्थी विभागवार अपनी ऑनलाइन वरीयता दिनांक 07.07.2023 तक आयोग की वेबसाईट **www.psc.uk.gov.in** पर ऑनलाइन भरना सुनिश्चित करें तथा ऑनलाइन वरीयता प्रपत्र एवं ऑनलाइन आवेदन पत्र के साथ ऑनलाइन आवदेन पत्र में किये गये दावों की पुष्टि हेतु अनिवार्य शैक्षिक अर्हता, **अनुभव**, आरक्षण, अनापत्ति प्रमाण पत्र इत्यादि से संबंधित समस्त स्वहस्ताक्षरित प्रमाण पत्रों की छायाप्रति संलग्न करते हुए समस्त प्रपत्रों सहित, अभिलेख सत्यापन हेतु **दिनांक** 07.07.2023 को अभिलेख सत्यापन कार्यक्रमानुसार कार्यालय, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

3. अभिलेख सत्यापन कार्यक्रम के अंतर्गत अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन–पत्र में किये गये दावों का उनके मूल अभिलेखों से मिलान किया जायेगा। इस ज्ञाप के साथ आयोग की वेबसाइट psc.uk.gov.in पर निम्नलिखित प्रपत्र भी उपलब्ध कराये जा रहे है, जिन्हें अभ्यर्थी डाउनलोड कर पूर्ण रूप से भरते हुए, चैकलिस्ट के अनुसार अनिवार्य शैक्षिक अर्हता, अधिमानी अर्हता, आरक्षण, अनुभव प्रमाण पत्र आदि अभिलेखों की स्वप्रमाणित प्रतिलिपियों के 02 सैट के साथ नियत तिथि एवं समय पर आयोग में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर प्रस्तुत करेंगे–

(क) ऑनलाइन आवेदन पत्र (Online Application Form)

(ख) ऑनलाइन वरीयता पत्र (Online preference form)

(ख) विस्तृत आवेदन–पत्र (Detailed Application Form) (प्रपत्र संख्या–02)

(ग) प्रमाणीकरण–पत्रक (Attestation Form) (प्रपत्र संख्या–03)

(ध) देशना–पत्रक (Index Card) (प्रपत्र संख्या–04)।

(ङ.) चैकलिस्ट (Check List)

(च) पासपोर्ट साइज के 02 नवीनतम स्वप्रमाणित फोटोग्राफ।

अभिलेख सत्यापन कार्यक्रम

दिनांक – 07.07.2023 प्रथम सत्र (प्रातः 09:00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक)

100013	100033	100041	100043	100067	100080	100093	100105	100107
100133	100140	100149	100154	100155	100170	100174	100186	100190
100196	100204							

दिनांक – 07.07.2023 द्वितीय सत्र (अपराह्न 1:30 बजे से सांय 6:00 बजे तक)

100257	100263	100293	100296	100311	100360	100366	100368	100405
100428	100443	100446	100464	100468	100470	100483	100497	100500
100507								

4. मा0 आयोग अंक–तालिकाओं को सम्बन्धित परीक्षा के मूल प्रमाण–पत्र अथवा डिग्री के स्थान पर मान्य नहीं समझते हैं और केवल अंक–तालिकाओं के आधार पर आपको सम्बन्धित परीक्षा हेतु अर्ह नहीं माना जाएगा। जिन परीक्षाओं के परीक्षाफल हाल में प्रकाशित हुये हों और परीक्षा संस्था (Examining Body) ने नियमित प्रमाण–पत्र (Certificate) अथवा उपाधि (Degree) नहीं दिये हों, उनके लिए औपबन्धिक प्रमाण–पत्र (Provisional Certificate) मूल प्रमाण–पत्र के स्थान पर दिखाना होगा।

5. विज्ञापन की शर्तों को पूर्ण न करने वाले अभ्यर्थियों का अभ्यर्थन किसी भी स्तर पर आयोग द्वारा निरस्त किया जा सकता है।

6. आयोग परिसर में मोबाइल फोन, ब्लूटूथ डिवाइस, कैमरा तथा संचार की क्षमता युक्त कोई भी इलैक्ट्रॉनिक उपकरण लाना निषिद्ध है।

-Sd-

(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव।